उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना / विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश पुलिस उप निरीक्षक(गोपनीय), पुलिस सहायक उप निरीक्षक(लिपिक) एवं पुलिस सहायक उप निरीक्षक(लेखा) के पदों पर सीधी भर्ती–2023

"ऑनलाइन आवेदन की तिथियों को विस्तारित किए जाने की सूचना विषयक"

संख्याः पीआरपीबी–चार–1–3(लि0सं0)/2023 दिनांकः जनवरी 28 ,2024

उत्तर प्रदेश पुलिस उप निरीक्षक(गोपनीय), पुलिस सहायक उप निरीक्षक(लिपिक) एवं पुलिस सहायक उप निरीक्षक(लेखा) के पदों पर सीधी भर्ती–2023 के अन्तर्गत समसंख्यक विज्ञप्ति दिनांकित 28.12.2023 के माध्यम से दिनांक 07.01.2024 से 28.01.2024 तक ऑनलाइन आवेदन/शुल्क जमा करने तथा शुल्क समायोजन एवं आवेदन में संशोधन किये जाने की अन्तिम तिथि दिनांक 30.01.2024 निर्धारित की गयी है।

2– अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 25.01.2024 से 28.01.2024 तक सार्वजनिक अवकाश होने के कारण अभ्यर्थियों के समक्ष आवेदन करने में आ रही समस्याओं के दृष्टिगत "ऑनलाइन आवेदन/शुल्क जमा करने एवं शुल्क समायोजन एवं आवेदन में संशोधन की अन्तिम तिथि" को निम्नानुसार 03 दिवस विस्तारित किए जाने का निर्णय लिया गया हैः–

क0सं0	विवरण	विस्तारित तिथि
1	ऑनलाइन आवेदन/शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि	दिनांक 31.01.2024 (रात्रि 12:00 बजे तक)
2	शुल्क समायोजन एवं आवेदन में संशोधन की तिथि	दिनांक 01.02.2024 व 02.02.2024 (रात्रि 12:00 बजे तक)

3– इस प्रकार अभ्यर्थी दिनांक 29.01.2024 से 31.01.2024 तक ऑनलाइन आवेदन/शुल्क जमा करके तथा दिनांक 01.02.2024 एवं 02.02.2024 को शुल्क समायोजन एवं आवेदन में संशोधन करके ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रकिया पूर्ण कर सकते हैं।

4– यह सूचना अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अग्रेतर महत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट "http://uppbpb.gov.in/" का अवलोकन करते रहें। यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों के परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचना/ निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदत्त की जायेगी।

28/1/24

अपर सचिव (भर्ती)
उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।